<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक– 26 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर फहराया धर्म ध्वज । कहा– भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है यह ध्वज।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्वजारोहण को एक नए युग का शुभारंभ बताया। कहा–श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक।
- मुख्यमंत्री ने उन्नीसवीं राष्ट्रीय जम्बूरी के तहत उत्तर प्रदेश संध्या एवं ड्रोन शो के उद्घाटन समारोह में लिया हिस्सा। आयोजन को नवाचार के प्रति समर्पित बताते हुए देश भर से आए स्काउड गाइड से जुड़े युवा प्रतिभागियों का किया अभिनंदन।
- निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को किया सतर्क। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा– विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया में ओटीपी देने की जरूरत नहीं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने तथा सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का संदेश है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

**संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। हर रामभक्त के ह्रदय में अद्वितीय संतोष है, असीम कृतज्ञता है, आपार अलौकिक आनंद है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना विराम पा रही है।**

श्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है।

**भारत लोकतंत्र की जननी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। लोकतंत्र हमारे डीएनए में है। साथियों अगर आप तमिलनाडु जाएंगे तो तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से में उतिरमेरूर गांव है वहां हजारों वर्ष पहले का एक शिलालेख है। उसमें बताया गया है कि उस कालखंड में भी कैसे लोकतांत्रिक तरीके से शासन व्यवस्था चलती थी।**

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से गुलामी की मानसिकता त्यागकर वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मदद की अपील की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल सुबह अयोध्या में एक रोड शो किया।

प्रधानमंत्री ने सप्तमंदिर का दौरा किया और शेषावतार मंदिर में दर्शन किए। ध्वजारोहण समारोह को लेकर प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

**जय श्री राम के जयघोष, शंख ध्वनि की गूंज और विश्व के विभिन्न कोनों से अयोध्या पहुंचे हजारों रामभक्तों की उपस्थिति के बीच, शुभ विवाह पंचमी के दिन और अभिजीत मुहूर्त में धर्म ध्वजा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ये प्रक्रिया 11 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई, प्रधानमंत्री ने बटन दबाया और 11 बजकर 50 मिनट पर धर्म पताका स्थापित हो गई, पूरी प्रक्रिया में 4 मिनट से अधिक का समय लगा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्प वर्षा कर ध्वज को प्रणाम किया। दस फीट ऊँचे और बीस फीट लंबे समकोण त्रिभुजाकार धर्म ध्वज पर भगवान श्री राम के तेज और पराक्रम का प्रतीकसूर्य अंकित है। इस दीप्तिमान सूर्य की छवि के साथ ही कोविदारा वृक्ष की छवि भी अंकित की गई है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।**

ध्वजारोहण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस सर संघचालक मोहन भागवत भी शामिल हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। श्री योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य–न्याय व राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है।

**श्री राम मंदिर पर पहराता यह केसरी आध्वज धर्म का प्रतीक है, मर्यादा का प्रतीक है, सत्य न्याय और राष्ट्र धर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक भी है क्योंकि संकल्प का कोई विकल्प नहीं और पिछले 11 वर्ष में बदलते हुए भारत को हम सब ने अपनी आंखों से देखा है। एक नया भारत का दर्शन हम कर रहे हैं जहां पर विरासत और विकास का एक बेहतर समन्वय इसे एक नई ऊंचाई की ओर प्रदान कर रहा है।**

इस अवसर आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई। उन्होंने कहा कि रामराज्य का ध्वज पूरे विश्व को सुख शांति प्रदान करने वाला है।

**रामराज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था और संपूर्ण विश्व में अपने आलोक से सुख–शांति प्रदान करता था, वो ध्वज फिर से नीचे से ऊपर चढ़ता हुआ और अपने शिखर पर विराजमान होता हुआ, हमने अपनी आंखों से देखा है, इसी देह में देखा है।**

ध्वजारोहण समारोह में साधु संतों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। हनुमानगढ़ी के संत राजूदास ने कहा कि वर्षों की तपस्या पूरी हो गई।

**हजारों वर्ष की तपस्या, 500 वर्ष की संघर्ष और कई–कई लाख राम भक्तों के प्राणों की आहुति रंग लाया और राम मंदिर पर केसरिया ध्वज पहराया। इसके नाते मोदी जी को आभार, योगी जी को धन्यवाद।**

अयोध्या में हुए ध्वजारोहण समारोह को लेकर पूरे प्रदेश में उल्लास और उत्साह का वातावरण रहा। वाराणसी में लोगों ने गंगा घाट पर कल ग्यारह हजार दीप जला कर खुशी जताई। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रभु राम पर आधारित रंगोली भी बनाई गई।

**********

लखनऊ में कल भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबली और उन्नीसवीं राष्ट्रीय जम्बूरी के तहत 'उत्तर प्रदेश संध्या' एवं 'ड्रोन शो' के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिस्सा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय जम्बूरी में आए सभी प्रतिभागियों का प्रदेश की तरफ से स्वागत किया।

**देश के कोने–कोने से और दुनिया के भी कई देशों से आए हुए भारत स्काउट भारत गाइड से जुड़े आप सभी युवा साथियों का उत्तर प्रदेश की धरा पर हृदय से स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं।**

मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि युवा शक्ति, अनुशासन, सेवा–भाव तथा नवाचार की भावना को समर्पित यह भव्य आयोजन सभी युवाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करने वाला है।

केंद्रीय कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने भी कल उन्नीसवें राष्ट्रीय जंबूरी में मेजर ध्यानचंद एडवेंचर विलेज का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग सिर्फ खेल–कूद नहीं, यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है।

**********

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र भरवाए जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर के गणना प्रपत्र को भरने की प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगा जा रहा है। ऐसे मामलों में उन्होंने सभी मतदाताओं को पूरी तरह से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की। इस बीच, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कल पीलीभीत के पूरनपुर स्थित एक इंटर कॉलेज में एसआईआर प्रक्रिया को देखा। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने की यह सामूहिक भावना ही हमारी शक्ति है।

**********

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उप महासचिव जतिंदर सिंह ने देश में नई श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि नई श्रम संहिताओं ने मजदूरों के वेतन की परिभाषा में एकरूपता लाकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

**बिजनेस, क्लाइमेट्स के उत्थान के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और ये लेबर कोड्स यूनिफॉर्मिटी लेकर आए हैं हर स्टेट में जिसमें कि मिनिमम वेजेस जो है एक नेशनल फ्लोर वेज जो बनेंगे जिसमें एक वर्कर का जो क्वालिटी ऑफ लाइफ है उसको कैसे सुधार जाए, उसको कैसे समानता और उसको कैसे एक मार्गदर्शक बने जिसमें कि वो मिनिस्ट्री ऑफ इकोनोमी में जुड़े जाए उसके लिए ये चार लेबर कोड डेफिनेटली एक फाउंडेशन बनाएगा।**

**********

गोवा के पणजी में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव– इफ्फी के छप्पनवें संस्करण में कल कई विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कल भारतीय सिनेमा के जाने माने अभिनेता धर्मेंद्र को विशेष श्रद्धांजलि भी दी गई।

**********

लखनऊ में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर तीन सौ बैडमिंटन चैंपियनशिप में कल क्वालीफाइंग राउंड और मुख्य ड्रॉ डबल्स मुकाबले खेले गए। चैंपियनशिप के पहले दिन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की भारतीय जोड़ी ने जीत दर्ज की।

**********

मौसम विभाग ने कहा है कि इस सप्ताह के दौरान प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही सुबह के समय कहीं–कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की भी संभावना है।

**********